भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4140
17 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

बिहार में सेल इस्पात संयंत्र को बंद करना

4140. **श्री सुनील कुमारः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बिहार के पश्चिमी चम्पारण में सेल के स्वामित्व वाला एक इस्पात संयंत्र वर्तमान में बंद है;

(ख) यदि हां, तो इसे बंद किए जाने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार द्वारा उक्त संयंत्र का पुनरुद्धार किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो इसे कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (घ): बिहार के पश्चिम चम्पारण जिले के कुमारबाग, बेतिया में स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की इस्पात प्रसंस्करण इकाई (एसपीयू) को प्रचालन/आर्थिक कारणों के परिणामस्वरूप दिनांक 25.07.2025 को बोर्ड के अनुमोदन पश्चात् बंद कर दिया गया है।

*****